प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 30.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने लोगों को ऊर्जा संकट से राहत दिलाने की दिशा में बढ़ाया कदम, राज्यों में पीडीएस के जरिए केरोसिन वितरण को दी मंजूरी।

2. विष्णुगढ़ में हत्या के विरोध में आज हजारीबाग बंद का आह्वान, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग।

3. सिमडेगा में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई से जुड़े तीन सदस्य गिरफ्तार, रांची में हथियारों के साथ पकड़े गये 10 अपराधी।

4. रांची, बोकारो और धनबाद समेत राज्य के कई जिलों में आज बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
5. खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में पूनम उरांव और अंजीत मुंडा ने कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक, महिलाओं की फुटबॉल और हॉकी टीम पहुंची सेमीफाइनल में।

****

वैश्विक भू–राजनीतिक परिस्थितियों और ऊर्जा आपूर्ति में आ रही चुनौतियों को देखते हुए सरकार ने एक महत्वपूर्ण राजपत्र अधिसूचना जारी की है। इसके तहत अब 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए अच्छी क्वालिटी का केरोसिन तेल बांटा जा सकेगा। एक रिपोर्ट

****

झामुमो के केन्द्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम के तिंगखोंग और सोनारी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने चाय बागान श्रमिकों की कम मजदूरी और बुनियादी सुविधाओं के अभाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

****

हजारीबाग में 12 वर्षीय एक बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की हृदयविदारक घटना पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने न्याय का आश्वासन देते हुए राज्य सरकार से आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी और कठोर सजा की मांग की है।

****

इधर, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने 12 वर्षीया बच्ची के साथ दरिंदगी के मामले पर कहा कि सरकार बेहद संवेदनशील है और दोषियों को बक्शा नहीं जायेगा।

****

हजारीबाग के विष्णुगढ़ में हुई मासूम की निर्मम हत्या के विरोध में विधायक प्रदीप प्रसाद के नेतृत्व में विशाल मशाल जुलूस और कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान भाजपा विधायक ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की। घटना के विरोध में आज हजारीबाग बंद का आह्वान किया गया है। पुलिस प्रशासन ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

****

रांची के कडरू स्थित हज हाउस में हाजियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। हज कमेटी के अध्यक्ष सह स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जानकारी दी कि इस वर्ष झारखंड से लगभग 1530 हाजी मुकद्दस सफर पर जाएंगे। हाजियों का पहला जत्था 18 अप्रैल को कोलकाता से रवाना होगा। डॉ. अंसारी ने सभी हाजियों के सुरक्षित और कामयाब हज की कामना की।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री आवास के निर्माण पर गंभीर सवाल उठाए। श्री साहू ने आरोप लगाया कि एक तरफ राज्य के गरीब, बुजुर्ग और किसान अपनी सुविधाओं का इंतजार कर रहे हैं, वहीं मुख्यमंत्री अपने लिए विलासितापूर्ण आवास बनवा रहे हैं।

साउंड बाइट– आदित्य साहु ऑन सीएम आवास – 19 सेकेंड

भाजपा के इस आरोप पर झामुमो ने पलटवार किया है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है यह सरकारी संपत्ति है, न कि मुख्यमंत्री की निजी संपत्ति।

साउंड बाइट– मनोज पांडेय ऑन सीएम आवास – 15 सेकेंड

****

रांची में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण किया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री के विचारों को अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

****

सिमडेगा जिले में लचरागढ़ से ओड़गा तक बन रही सड़क के निर्माण कार्य में बाधा डालने वाले उग्रवादी संगठन पीएलएफआई से जुड़े तीन सदस्यों को पुलिस ने दबोच लिया है। इन आरोपियों ने लेवी वसूलने के इरादे से जलडेगा थाना क्षेत्र के कारीमाटी कैंप में खड़े वाहनों को जलाने की कोशिश की थी।

****

रांची जिले में हाल के दिनों में हुई लूटपाट की कई घटनाओं का पुलिस ने सफल उद्भेदन किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

****

मौसम विभाग ने आज रांची, बोकारो और धनबाद समेत झारखंड के कई हिस्सों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ घंटों में आसमान में बादल छाने और हल्की बारिश के साथ गरज और चमक की संभावना जताई गई है।

****

छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों का दबदबा कायम है। कुश्ती प्रतियोगिता में पूनम उरांव ने 50 किलो और अंजीत मुंडा ने 67 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है, जबकि चंचला कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किया। जबकि महिला फुटबॉल टीम ने मेघालय को 4–2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, महिला हॉकी टीम ओडिशा से रोमांचक मुकाबला 5–4 से हारने के बावजूद बेहतर गोल औसत के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के असम में चुनाव प्रचार करने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रिम्स गरीब बच्चों को फ्री करायेगा नीट की तैयारी।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– झारखंड को 517 करोड़ के स्वास्थ्य अनुदान की मंजूरी।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पीएनजी की आपूर्ति के लिए 78 हजार घरों में तैयार है इंफ्रास्ट्रक्चर, लेकिन 18 हजार तक ही पहुंच रही है गैस।

दैनिक जागरण के अनुसार रिम्स सहित सभी मेडिकल कॉलेजों में छह से रहेगी हड़ताल।

*********समाप्त**************